तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 शराब दुकान के पास ट्रक की टक्कर से युवक की ...



14 दुर्गूकोंदल कॉलेज को स्मार्ट लाइब्रेरी- ...




## खबर संक्षेप

### भैसाकन्हार की आंगनबाड़ी में मनाया गया वजन त्योहार



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत भैसाकन्हार (क) के कलस्टर आंगनबाड़ी केंद्र 1 में महिला बाल विकास विभाग द्वारा वजन त्यौहार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भैसाकन्हार की उपसरपंच गोदावरी वट्टी उपस्थित रही। सभी 0 से 6 वर्ष के बच्चो की वजन और ऊंचाई लेकर रजिस्टर में संधारण किया गया। वजन त्यौहार को रोचक बनाते हुए सेल्फी प्वाइंट बनाकर सभी बच्चो का सेल्फी लिया गया। पर्यवेक्षक महेश्वरी मरकाम द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजना के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि 18 फरवरी तक शहरी और ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहारका आयोजन शुरू किया गया है। कुपोषण की दर को कम करने के लिए खान पान, स्वच्छता, अतिरिक्त आहार में विशेष ध्यान देने की बात कही गई।

### बच्ची की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत ग्राम चोरिया निवासी 5 वर्षीय परी कोर्राम पिता जयचंद का स्वास्थ्य खराब होने के कारण 31 जनवरी को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

विरोध : सीएमडीसी विवाद गहराता जा रहा, मामला सुलझाने करनी होगी बैठक

# सीएमडीसी पर भैसाकंहार व कच्चे में ठनी माइंस एवं कच्चे मार्ग पर किया चक्काजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गोदावरी खदान को संचालित हुए 17 साल में कच्चे व आसपास गांव के लोग सक्षम हो गए और प्रभावित गांव भैसाकन्हार के केवल 10 प्रतिशत ही ग्रामीणों को लाभ मिला। सीएमडीसी को लेकर अब विवाद शुरू हो गया है, भैसाकन्हार के ग्रामीण काम माँगने को लेकर माइंस जाने वाले मार्ग पर दूसरे दिन भी चक्काजाम पर डटे रहे, वहीं भैसाकन्हार के चक्काजाम के विरोध में कच्चे व साल्हे के ग्रामीण भानुप्रतापपुर से कच्चे मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

भैसाकन्हार गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गोदावरी माइंस में अभी तक किसे किसे लाभ मिला है और किसे लाभ नहीं मिला है, इसका भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए। माइंस से ज्यादा प्रभावित वाले गांव भैसाकन्हार के केवल पूर्व पंचायत के पदाधिकारी और उनके परिजनों को ही लाभ मिला है, इसके अलावा गांव के अन्य लोगों को लाभ नहीं मिला है। भैसाकन्हार के ग्रामीणों ने सीएमडीसी खदान पर इसी शर्त पर पूजा करने दिया था कि सीएमडीसी माइंस जिसके क्षेत्र में आएगी, उसी गांव की समिति काम करेगी, सीमांकन के बाद अब उक्त निर्णय को मानने के लिए न तो माइंस के ठेकेदार और न ही कच्चे समिति के पदाधिकारी तैयार है। इसी के चलते अब भैसाकन्हार के वर्तमान सरपंच, ग्राम गायता व ग्राम पटेल गांव वालों के साथ सीएमडीसी माइंस जाने वाले मार्ग पर दो दिनों से धरने पर डटे हुए है। भैसाकन्हार के ग्रामीणों का कहना है कि कच्चे की आरीडोंगरी माइंस जब प्रारंभ से हुई, उससे प्रभावित किस किस गांव को क्या क्या लाभ मिला है, उसका माइंस प्रबंधन खुलासा करें। प्रभावित गांव के कितने लोगों को लाभ मिला। कई परिवार पहले से भी दयनीय स्थिति में पहुँच गए, वहीं कई रसूखदार और ज्यादा रसूखदार हो गए है। इस अंतर को पाटने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में विवाद ज्यादा बढ़ सकता है।

- भैसाकन्हार से कमिटमेंट करने पर कच्चे समिति पलटी और विवाद शुरू
- कच्चे को सीएमडीसी के अलावा आरीडोंगरी से लगातार मिल रहा लाभ

### कच्चे व साल्हे के ग्रामीणों ने भैसाकन्हार के विरोध में किया चक्काजाम

भानुप्रतापपुर-दल्ली राजहरा मुख्य मार्ग पर 13 फरवरी को साल्हे चौक के पास उस समय यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जब कच्चे और साल्हे गांव के ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। यह चक्काजाम भैसाकन्हार गांव के ग्रामीणों द्वारा सीएमडीसी माइंस के रास्ते पर जारी धरना-प्रदर्शन के विरोध में किया गया। चक्काजाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आमजन और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि भैसाकन्हार के धरने के कारण सीएमडीसी माइंस का संचालन पूरी तरह ठप हो गया है। इससे माइंस में कार्यरत मजदूरों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है, वहीं आसपास के गांवों के लोगों को भी रोजगार और आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से माइंस बंद रहने के कारण क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इसी मांग को लेकर वे सड़क पर उतर आए और माइंस का काम जल्द शुरू कराने की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी पहुंचे। एसडीओपी पुलिस शेर बहादुर सिंह एवं तहसीलदार सुरेन्द्र उर्वसा ने चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। काफी समझाइश और संवाद के बाद ग्रामीणों ने अपना चक्काजाम समाप्त किया। चक्काजाम समाप्त होते ही भानुप्रतापपुर-दल्ली राजहरा मार्ग पर आवागमन पुनः सामान्य हो सका।

# भानबेड़ा में मेला से पूर्व चोरी की वारदात, व्यापारियों में दहशत, सुरक्षा पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानबेडा के वार्षिक मेले की तैयारियों से पहले जहां गांव में उत्साह और रौनक का माहौल था, वहीं मेले से ठीक एक दिन पूर्व हुई चोरी की वारदात ने पूरे क्षेत्र में चिंता और भय का माहौल पैदा कर दिया। अज्ञात चोरों ने रात्रि के समय मेन रोड से सटी दुकानों को निशाना बनाते हुए बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार चोरों ने ऑटो पाट्‌र्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों के ताले तोड़ दिए और भीतर रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया। 13 फरवरी की सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे, तो टूटे हुए ताले और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते चोरी की खबर पूरे बाजार में फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के अन्य व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों के ताले जांचे, जहां कई दुकानों के ताले टूटे हुए पाए गए। हालांकि सभी दुकानों से ▶▶|शेष पेज 12 पर

# 829 ग्राम गांजा किया जब्त तस्कर को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पखांजुर पुलिस ने अवैध रूप से गांजा का परिवहन कर रहे एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 885 ग्राम गांजा सहित बिना नंबर की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इस कार्यवाही से क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

पखांजुर पुलिस को 12 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम पीव्ही 21 दुर्गापुर का निवासी गुरूपद विश्वास बिना नंबर की एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल में गांजा छुपाकर महाराष्ट्र की ओर से ग्राम पेनकोडो होते हुए अपने गांव की तरफ जा रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत टीम ने पीव्ही 37 रूपनगर चौक तिराहा मेन रोड पर घेराबंदी कर आरोपी को रोका। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की डिग्गी से गांजा, तौल मशीन ▶▶|शेष पेज 12 पर

# बैंक मैनेजर बनकर की पांच लाख की ठगी, बीएसएफ जवान के खाते से उड़ाई रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




साइबर ठगों ने खुद को बैंक मैनेजर बताकर बीएसएफ के जवान को झांसे में लेते हुए उसके बैंक खाते से ठगो ने पाँच लाख रूपएं उड़ा दिए। ठगी के शिकायत हुए बीएसएफ के जवान ने बांदे थाना में पुलिस को जानकारी दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करते मामले को सुलझाने के लिए सायबर टीम से मदद माँगी है।

बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे 48 वर्षीय मनोज पिता मथुरा मिंज मूल निवासी ग्राम बेहरिनबासा, थाना बोलबा, जिला सिमडेगा (झारखंड) ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में बीएसएफ सेक्टर हेड क्वार्टर दुर्ग के जी सेल बांदे में पदस्थ हैं। उनका खाता भारतीय स्टेट बैंक की सुंदरगढ़ ओडिशा शाखा में है, जिसमें उनका वेतन जमा होता है। मेरे द्वारा वर्ष 2023 में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर स्थित एसबीआई शाखा से 14 लाख 5 हजार रूपएं का पर्सनल लोन लिया था। अंतिम किस्त 5 दिसंबर 2025 को जमा करने के बाद 87 रुपएं शेष रहने के कारण लोन खाता सक्रिय दिख रहा था। खाता बंद कराने के उद्देश्य से 3 जनवरी 2026 को इंटरनेट पर कृष्णानगर शाखा प्रबंधक का मोबाइल नंबर सर्च किया। सर्च में मिले नंबर पर संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद को शाखा प्रबंधक अमित बताया। उसने लोन खाता बंद करने के नाम पर व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक भेजा और 87 रुपएं जमा करने को कहा। लिंक खोलकर 87 रुपएं जमा कर दिए। इसके बाद व्हाट्सएप पर खाता बंद होने का संदेश भेजा गया, जिससे वे संतुष्ट हो गए। उसके बाद 10 फरवरी को जब एसबीआई के योनो एप पर पत्नी को राशि भेजने के लिए बैलेंस चेक किया तो 3 जनवरी को ही ▶▶|शेष पेज 12 पर

# मायके तक पीछा कर पत्नी को पीटा, नशेड़ी पति के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



पखांजुर क्षेत्र में घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां शराब के नशे में धुत एक पति ने न सिर्फ पत्नी के साथ बार-बार मारपीट की, बल्कि वह मायके तक पहुंच गया और परिजनों के सामने भी उत्पीड़न किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। यह घटना समाज में बढ़ती घरेलू हिंसा की उस स्याह तस्वीर को उजागर करती है, जहां पीड़िता सुरक्षित ठिकाने पर भी खुद को असुरक्षित महसूस करती है।

जानकारी के अनुसार पीव्ही 46 निवासी 33 वर्षीय अनुराधा बैरागी ने पखांजुर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका विवाह वर्ष 2011 में अखिल बैरागी के साथ सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था और दंपती के दो पुत्र हैं। पीड़िता ने बताया कि उनके पति पेशे से राजमिस्त्री हैं और आए दिन शराब पीकर घर में विवाद और मारपीट करते रहते हैं। लगातार हो रही हिंसा से परेशान होकर वह अपने मायके मथुरा बाजार, ऐसेबेड़ा में रहने लगी थीं। पीड़िता का आरोप है कि पति की प्रताड़ना यहीं नहीं रुकी, वह मायके में भी आकर झगड़ा करता रहा। 11 फरवरी की रात करीब साढ़े 8 बजे आरोपी पति शराब के नशे में मायके पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता ने जब विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में पीड़िता के गाल और हाथ ▶▶|शेष पेज 12 पर






जामगांव में धर्मांतरण विवाद अंततः बातचीत से सुलझा

# शव दफन से पूर्व सुलझा विवाद, घर वापसी के बाद हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के ग्राम जामगांव में उस वक्त माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब एक महिला के निधन के बाद शव दफन को लेकर ग्रामीणों और परिजनों के बीच विवाद खड़ा हो गया। स्थिति इतनी संवेदनशील बन गई कि गांव में टकराव की आशंका पैदा हो गई, लेकिन सर्व समाज के हस्तक्षेप, समझाइश और घर वापसी के फैसले के बाद न सिर्फ विवाद सुलझा, बल्कि महिला का अंतिम संस्कार भी पारंपरिक रीति-रिवाज से संपन्न हो सका। नरहरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम जामगांव में एक बार फिर धर्मांतरण और शव दफन को लेकर ▶▶|शेष पेज 12 पर

### लालच व बहकावे में आकर किया था धर्म परिवर्तन

घर वापिसी करने वाले परिजनों के कमलेश पम्मार, कृष्णा राठौर, रवि पम्मार और बिरेन्द्र पम्मार सहित चार परिवारों के कुल 11 सदस्यो ने बताया कि वर्ष 2018 में वे लालच और बहकावे में आकर धर्मांतरण की ओर गए थे। घर वापसी के अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने गुलाल लगाकर और पारंपरिक विधि-विधान से उनका स्वागत किया। इसके बाद ही मृतक महिला का अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में 12वीं के छात्रों की दी विदाई



दुर्गूकोंदल। विकासखंड मुख्यालय में स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गूकोंदल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई सह मार्गदर्शन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद सभापति विकास राजू नायक ने विद्यार्थियों को मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य अजय नेताम ने विद्यार्थियों को विद्यालय की सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति बताते हुए कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों की समान भागीदारी से ही विद्यार्थियों का भविष्य संवरता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस वर्ष विद्यालय उत्कृष्ट परिणाम देकर नया इतिहास रचेगा। साथ ही विद्यार्थियों के अनुशासन, समयपालन और सहयोग भावना की सराहना की। कार्यक्रम में लुकेश भोयर, तुका पटेल, महात्तम दुग्गा एवं अशोक जैन ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रेरक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समारोह में शिक्षकगण, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### वैलेंटाइन-डे के विरोध में विहिप एवं बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



पखांजुर। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 13 फरवरी को वैलेंटाइन-डे मनाने के विरोध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति और परंपराओं के विपरीत है तथा इससे युवाओं पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ रहा है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की अशोभनीय गतिविधियों पर रोक लगाई जाए तथा शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। प्रखंड अध्यक्ष शीलाआदित्य मंडल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रेम और सम्मान का विशेष महत्व है, किंतु इसे मर्यादित और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप मनाया जाना चाहिए। विभाग सह संयोजक रोशन बराई ने कहा भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करने का अव्हान किया। इस दौरान मंडल प्रखंड उपाध्यक्ष धीरज, प्रखंड मंत्री हरिबत दास मंडल, बांदे खंड अध्यक्ष राजदीप सिंह, बृजेश देवनाथ, जिला सह संयोजक राहुल सरकार, विभाग सह संयोजक रोशन बराई सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### भाजपा महिला मोर्चा को मिली जिम्मेदारी

कापसी। भारतीय जनता पार्टी पखांजूर मंडल के सक्रिय महिला मोर्चा कार्यकर्ता दीप्ति साहा को जिला महिला मोर्चा के जिला मंत्री, पखांजुर मंडल की महिला मोर्चा अध्यक्ष कमला साना एवं निलीमा देवनाथ को सोशल मीडिया प्रभारी बनाए जाने की घोषणा किया गया है। नवपदस्थ पदाधिकारी अपनी कड़ी मेहनत, ईमानदारी और निष्ठा से संगठन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाएंगे।

शिविर : उच्चस्तरीय पुलों के निर्माण के लिए करोड़ों की मिली स्वीकृति

# दुर्गूकोंदल को एजुकेशनल हब बनाने का मेड़ो जनसमस्या निवारण शिविर में ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

- शिविर में मिले 58 आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देश जारी
- जिले के लिए 88 नए बीएसएनएल मोबाइल टावर स्वीकृति

जिले के दुर्गूकोंदल विकासखंड अंतर्गत अंदरूनी क्षेत्र के माओवादी प्रभावित ग्राम मेड़ो में 13 फरवरी को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित 58 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित एवं विधिवत निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों की समस्याओं का निराकरण करते हुए बताया कि दुर्गूकोंदल से कोयलीबेड़ा मार्ग में तीन उच्च स्तरीय पुलों की स्वीकृति दी गई है, जिसके निर्माण पूर्ण होने के बाद बारिश के दिनों में भी यातायात सुगम होगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की कतरू-क्रुरूसबोड़ी से कठोड़ी मार्ग में दो उच्चस्तरीय पुलों के लिए क्रमशः 540 लाख, 365 लाख और जिरमतराई से कड़मे मार्ग में उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 760 लाख रूपए की स्वीकृति मिल चुकी है, जिसके निर्माण कार्य बारिश से पहले प्रारम्भ हो जाएगा। इन पुलों के बन जाने के बाद दुर्गूकोंदल से कोयलीबेड़ा तक वर्षा ऋतु में भी सुगम एवं सुरक्षित आवागमन संभव हो सकेगा। कलेक्टर ने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय तक विकास से बाधित रहा, किन्तु अब सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण सहित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। दुर्गूकोंदल विकासखंड को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक विकासखण्ड बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां के दुरस्थ स्कूलों में भी परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे रहें हैं, जिसे बनाया रखा जाए, विद्यार्थी के साथ पालक भी शिक्षा के प्रति सजग हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गूकोंदल को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जार रही है। क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी



देते हुए हुए उन्होंने कहा कि सरगार द्वारा कांकेर जिले के लिए 88 नए बीएसएनएल मोबाइल टावरों की स्वीकृति दी गई है, जिससे जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों में भी संचार एवं कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाई जा रही है तथा राशि भी ग्राम पंचायत के खाते में हस्तांतरित की जाती है। ऐसे कार्यों में ठेकेदार नियुक्त नहीं किए जाते, इसलिए बिना किसी बहकावे में आकर अपने गांव के निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें। यह कार्य आप के गांव के लिए ही स्वीकृत किया गया है।

### सभी पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता

जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। जो हितग्राही किसी कारणवश योजनाओं से वंचित हैं, वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल समाधान प्राप्त करें और योजना का लाभ उठाए। जनसमस्या निवारण शिविर में 05 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को मनरेगा अंतर्गत क्यूआर कोड का प्रारूप वितरित किया गया तथा वीबीजीआरएएम पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पूर्ण हो चुके 02 हितग्राही सरिता सिन्हा और मिनाबाई पिद्दा को आवासों की चाबी सौंपी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 03 बच्चों का अन्नप्राशन एवं 03 माताओं की गोदभराई रस्म भी संपन्न कराई गई। जन समस्या निवारण शिविर को जिला पंचायत, जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

### शिविर में रही उपस्थिति

आयोजित शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों में प्रशिक्षु आईपीएस प्रतीक बनसोड़े, सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर, डीईओ रमेश निषाद, एसडीएम जीडी वाहले, डीएमसी नवनीत पटेल, तहसीलदार दुर्गूकोंदल कुलदीप ठाकुर, जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे, एसीईओ आरडी ठाकुर, बीईओ विप्लव डे, बीएमओ मनोज किशोरे, वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मिश्रा एवं समस्त विकासखंड के अधिकारी के अलावा जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष शिरो कोमरे शकुंतला नरेटी, रामचंद्र कल्लो, अशोक जैन, विजय पटेल, राजु नायक, नागसाय तुलावी, सोमल जैन, रघुनाथ मंडावी, सुदेश तोपा, वीरेंद्र जैन, तुलसी मातलामी, मनोज बघेल, नरोतम चौहान, सविता उयके, हेमलता उयके, सरपंच शकुंतला नरेटी, रमशील कोमरा, मुकेश कुमार नरेटी, मुकेश कुमार गावड़े सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




## किसानों को कृषि उत्पाद प्रसंस्करण एवं खाद्य निर्यात का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में किसानों के लिए कृषि उत्पाद प्रसंस्करण एवं खाद्य निर्यात विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एवं गो हार्वेस्ट एफपीओ के संयुक्त तत्वावधान में 13 फरवरी को संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू ने जिले में खाद्य प्रसंस्करण की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण कर किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। एपीडा के एसोसिएट क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के प्रतिनिधि अशोक कुमार बोहरा ने छत्तीसगढ़ में कृषि निर्यात की संभावनाओं तथा एपीडा की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन एवं पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देना चाहिए। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र हरिदास तायड़े ने कृषि एवं खाद्य उद्योग में प्रसंस्करण तकनीक, मूल्य संवर्धन और विपणन रणनीतियों पर व्यावहारिक जानकारी साझा की। कार्यक्रम में गो हार्वेस्ट एफपीओ के डायरेक्टर छबीलाल नाग, सीईओ अर्चना सिन्हा सहित ग्राम पुसवाड़ा, अंजनी, पटोली, दसपुर, गोवर्धन एवं गढ़पिछवाड़ी के लगभग 60 किसान उपस्थित रहें। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने निर्यात प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों और सरकारी योजनाओं से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय महिला दिवस पर आत्मानंद स्कूल कोरर में हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोरर में एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई कोरर के तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं समाज में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना रहा।

आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों एवं प्राचार्य शिवराज टांडिया ने अपने विचार के माध्यम से बताया महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्माण, रक्षा, सुरक्षा, अनुसंधान सहित राजनीतिक सामाजिक क्षेत्रों पर अपनी पकड़ बना चुकी अब महिला सशक्त होकर पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। व्याख्याता लिप्सा ने कहा कि राष्ट्रीय महिला दिवस सरोजनी नायडू के जयंती के अवसर पर भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके सोच और संविधान के कारण आज महिलाएं देश के डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, राजनेता बनने के साथ साथ राष्ट्रपति के पद पर आसीन होकर महिला शसक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। व्याख्याता कंचन लता ठाकुर ने कहा कि शसक्त भारत के निर्माण केलिए शिक्षा,शारीरिक दक्षता, मानसिक, सामाजिक, राजनैतिक रूप से सक्षमता बहुत आवश्यक है ग्रामीण परिवेश के लोग आज भी इन सभी से वंचित हैं। इनके लिए हम सभी को चिंतन करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर व्याख्याता यामिनी मरकाम, मोनिका जुर्री, उषा बघेल, तोमेश्वरी मानकर, तनुजा कोस्मा, खुशबू ढोके,पारूल टांडिया, प्रेरणा मेहरा, विनिता गोस्वामी, विनिषा साहु, स्मिता दास, प्रिति मिश्रा, नुरफिसा कुरैशी, कुसुम कचलाम, संदीपा नेताम का सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में जनक कोमरा ,विजय यादव, नितिन ध्रुव, राजेन्द्र नेताम, भरत श्रीवास्तव एवं एनसीसी कैडेट्स,रासेयो के स्वयं सेवक उपस्थित रहे। मंच संचालन एनसीसी अधिकारी दुष्यंत सोनकर एवं आभार प्रदर्शन रासेयो प्रभारी डेविड गिलहरे ने किया।

## मावा मोदोल भानुप्रतापपुर के छात्रों को मोटिवेशन कार्यक्रम में अधिकारियों ने दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

- सफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि सही योजना और निरंतर अभ्यास जरूरी

प्रतियोगी परीक्षाओं की कठिन राह पर आगे बढ़ रहे युवाओं के लिए सही दिशा और सकारात्मक ऊर्जा किसी संजीवनी से कम नहीं होती। इसी सोच के साथ मावा मोदोल भानुप्रतापपुर में आयोजित मोटिवेशन कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास की नई लौ जलाई। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुभव, रणनीतिक सुझाव और प्रेरक शब्दों ने यह संदेश दिया कि सफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि सही योजना, निरंतर अभ्यास और आत्मसंयम से हासिल होती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परीक्षा की बारीकियों से लेकर मानसिक मजबूती तक के ऐसे मंत्र मिले, जो उनकी तैयारी को नई गति देने वाले साबित हुए।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए मावा मोदोल भानुप्रतापपुर में एक विशेष मोटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाना, सही रणनीति बताना और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन देना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि परीक्षा में सफलता के लिए रणनीति सबसे महत्वपूर्ण होती है। सबसे पहले सरल प्रश्नों को हल करने से समय की बचत होती है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने बताया कि सरल पेपर में कटऑफ बढ़ सकती है, जबकि कठिन पेपर में कम रह सकती है, इसलिए प्रत्येक प्रश्न पर सोच-समझकर निर्णय लेना आवश्यक है। साथ ही प्रीलिम्स के निर्देशों का पालन करने, समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने और छत्तीसगढ़ करंट अफेयर्स पर विशेष फोकस करने की सलाह दी।




### निरंतर रिवीजन और आत्मविश्वास से कामयाबी

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने विद्यार्थियों को निरंतर रिवीजन और आत्मविश्वास बनाए रखने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि तैयारी करते समय पहले अवसर को ही अंतिम अवसर मानकर पूरी निष्ठा से अध्ययन करें। अपठित और अत्यंत कठिन प्रश्नों को छोड़ने की सलाह देते हुए 80 से 90 प्रश्न हल करने का यथार्थ लक्ष्य रखने पर जोर दिया। प्रशिक्षु आईपीएस प्रतीक बनसोड़े ने निरंतरता और नियमित अभ्यास को सफलता की कुंजी बताया। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने स्वनियंत्रण, समय प्रबंधन और आत्मविश्लेषण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डीएमसी नवनीत पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल, एबीओ सोनवानी, बीआरसी नूरुटी, प्राचार्य टिकेश्वर ठाकुर, लाइब्रेरी प्रभारी, मावा मोदोल प्रभारी सहित समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## शिव महापुराण की कथा जीवन में भक्ति सदाचार एवं मोक्ष मार्ग को दिशा देता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- पं. संतोष मिश्रा महाराज का सिविल लाइन कॉलोनी माहुरबंदपारा में कथा शुरू

सिविल लाइन कॉलोनी माहुरबंदपारा में देवाधिदेव महादेव के पुण्य आशीर्वाद से श्री बटुकेश्वर शिव महापुराण भक्ति ज्ञान कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ 13 फरवरी को श्रद्धा और आस्था के वातावरण में हुआ। महोत्सव के पहले दिन क्षेत्र में भक्तिमय उल्लास देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से हुई। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण पर निकलीं। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा माहौल शिवमय हो गया। कलश यात्रा के पश्चात विधिवत वेदी पूजन, स्थापना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए।कथा वाचन का शुभारंभ पंडित संतोष मिश्रा महाराज द्वारा किया गया। उन्होंने कथा के प्रथम दिवस पर कथा महात्म्य, शिव महापुराण का महत्व, तथा शिवलिंग उत्पत्ति का प्रसंग विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण न केवल धार्मिक ग्रंथ है, बल्कि यह मानव जीवन को सदाचार, भक्ति और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करने वाला अमूल्य ज्ञान भी प्रदान करता है। आचार्य मिश्रा महाराज ने शिवलिंग की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए बताया कि शिवलिंग निराकार ब्रह्म का साकार प्रतीक है, जो सृष्टि के आरंभ, पालन और संहार के रहस्यों को प्रकट करता है। कथा के दौरान उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से शिव भक्ति के महत्व को समझाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा स्थल पर भक्ति संगीत, मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक बना रहा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुचारु व्यवस्था की गई थी। प्रथम दिन के सफल आयोजन पर स्थानीय नागरिकों और आयोजकों ने संतोष व्यक्त किया।





### आज होंगे विविध कार्यक्रम

श्रीश्री बटुकेश्वर महादेव सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि सिविल लाईन कॉलोनी माहुरबंदपारा कांकेर द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत 14 फरवरी को भस्म रूद्राक्ष विधि, सृष्टि वर्णन व अर्धनारिश्वर कथा सुबह 10 से दोपहर 1 बजें तक व कथा प्रसंग दोपहर 3 बजें शिव इच्छा तक किया जाएगा। इसी तरह 15 फरवरी को रूद्राभिषेक, शिव चरित्र पार्वती जन्म श्री शिव-पार्वती विवाहोत्सव हमन पूजन शोभा यात्रा एवं महाभंडारा कार्यक्रम सुबह 9 बजें से शिव इच्छा तक किया जाएगा। शिव भक्तों से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। यह महोत्सव क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है।

## अंदरूनी इलाकों में पुल व सड़क निर्माण से माओवाद उन्मूलन कार्य हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में अब विकास और समृद्धि के द्वार खुलने लगे हैं। शासन की मंशानुसार अंदरूनी इलाकों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है। इससे एक ओर सड़क संपर्क आसान हुआ है, वहीं माओवाद को हतोत्साहित करते हुए उसके उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रयास हो रहे हैं। विगत दो वर्षों में सेतु निर्माण संभाग के अंतर्गत आकांक्षी जिला कांकेर में सेतुओं की तेजी से पूर्ण होते निर्माण ने जिले के सुदूरांचल क्षेत्रो में निवासरत आम जनजीवन के विकास और समृद्धि की दिशा में सेतु का कार्य किया है।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि पिछले दो वर्षों में 15 कार्य लागत रुपए 61.50 करोड़ के पूर्ण हुए हैं। इन पुलों के निर्माण हो जाने से जिले में माओवाद उन्मूलन कार्यों में तेजी आई तथा प्रभावित क्षेत्रों में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आतुरबेड़ा-भैसगांव-निन्ना मार्ग में मेंढ़की नदी पर महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य को पूर्ण किया गया है। इन पुलों के निर्माण से जिले के लगभग 100 गांव की 80 हजार आबादी का बारहमासी परस्पर संपर्क ब्लॉक, तहसील एवं जिला मुख्यालय से हो गया है। इसके निर्माण से क्षेत्रवासियों को उच्च शिक्षा, व्यापार, पर्यटन गतिविधियां, सामाजिक सांस्कृतिक संपर्क, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शासन की योजनाओं का जन-जन तक पहुंच आसान हो गया है। इसी प्रकार कांकेर जिले के निवासियों, ग्रामों एवं ग्रामवासियों का कोने-कोने से राज्य मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्ग, ब्लाक, तहसील एवं जिला मुख्यालय से बारहमासी संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा पिछले दो सालों में 09 नए वृहद् पुल लागत 85 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण श्री राजेंद्र सोनकर ने बताया कि इन स्वीकृत कार्यों में बासनवाही-टांहकापार मार्ग पर महानदी पर पुल लागत 28 करोड़ रूपए शामिल है जो कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों की सुविधा और पर्यटन विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसी तरह सोनपुर-मरोड़ा मार्ग के किमी 78/10 बेचाघाट पर 15 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से कोटरी नदी पर पुल निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस पुल के पूर्ण हो जाने से माओवाद प्रभावित माड़ क्षेत्र का सीधा संपर्क हो जाएगा। उक्त पुल माओवाद उन्मूलन एवं क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। इनके बन जाने से जिले के सुदूरवर्ती ग्रामों में निवासरत ग्रामीणों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा।



पेज 11 के शेष...

### भानबेड़ा में मेला...

चोरी हुई या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी, लेकिन एक साथ कई ताले टूटे मिलने से व्यापारियों में भारी आक्रोश और डर व्याप्त है। मेले के समय बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है और बाहर से भी दुकानदार व दर्शक गांव पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि मेले से पहले ही चोर इतनी आसानी से वारदात को अंजाम दे रहे हैं, तो मेले के दौरान स्थिति और भी संवेदनशील हो सकती है। घटना की जानकारी संबंधित विभाग को दे दी गई है। गांव के लोगों और व्यापारियों ने मांग की है कि मेले के दौरान रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, बाजार क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए और संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाए।

### 829 ग्राम गांजा...

और मोबाइल बरामद किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी 33 वर्षीय गुरूपद विश्वास पिता गणेश विश्वास निवासी ग्राम पीव्ही 21 दुर्गापुर, थाना पखांजूर है। आरोपी के पास से पिंक रंग के फूलदार झोले में प्लास्टिक झिल्ली के अंदर 885 ग्राम गांजा बिना नंबर की एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल (लाल-काले रंग की), एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, एक विवो कंपनी का मोबाइल फोन को जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना पखांजूर में अपराध क्रमांक 34/2026 धारा 20 (बी) (ii) (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस सफल कार्यवाही में पखांजुर थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण केवट, एएसआई बिन्दुलता देवांगन, प्रधान आरक्षक लिहेन्द्र देवांगन, हेमंत द्विवेदी, प्रवीण मंडावी, अभिषेक साहू, देवनाथ नरेटी एवं लोकेश्वर उईके की भूमिका रही।

### बैंक मैनेजर बनकर...

उनके खाते से 5 लाख रूपएं ऑनलाइन निकासी होना पाया गया। जांच में सामने आया कि अज्ञात व्यक्तियों ने फर्जी लिंक के जरिए रकम अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। शिकायत पर पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 319(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### मायके तक पीछा...

में चोटें आई हैं। घटना के समय परिजन भी मौजूद थे, जिन्होंने पूरी वारदात अपनी आंखों से देखी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी अखिल बैरागी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शव दफन से...

तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। एक मतांतरित महिला की मृत्यु के बाद परिजन जब शव दफनाने की तैयारी कर रहे थे, तब स्थानीय ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव की परंपरा और सांस्कृतिक मान्यताओं के विपरीत सार्वजनिक भूमि पर शव दफन की अनुमति नहीं दी जा सकती। ग्रामीणों ने बताया कि जामगांव में पूर्व में भी शव दफन को लेकर बड़े विवाद हो चुके हैं, जिससे प्रशासन और ग्रामीणों के बीच तनाव की स्थिति बनती रही है। इस बार भी विरोध तेज होता देख माहौल बिगड़ने लगा। विवाद बढ़ता देख मृतक महिला के परिजनों ने सर्व समाज के समक्ष अपनी बात रखी और पूर्व में किए गए धर्म परिवर्तन को भूलवश लिया गया निर्णय बताया। परिजनों ने स्वेच्छा से ईसाई धर्म त्याग कर पुनः सनातन धर्म में लौटने की इच्छा जताई।

**विवाद सुलझाने में यह रहे शामिल-** विवाद सुलझाने और घर वापसी कार्यक्रम में सर्व समाज के अध्यक्ष कमल कश्यप, सरपंच भगवती उईके, गायता रामेश्वर उईके, रामचंद्र मांडवी, ईश्वर कवड़े, गौरव शोरी, नरेंद्र नाग, लखन यादव, हेमंत नाग, संजय शोरी, कोमल मरकाम, धर्मेंद्र सुराजिया, हेमंत कौशिक, कुमारी नेताम, कौशल्या उपाध्याय, फूलबाती नाग, नरेंद्र बत्ती यादव, कंचन सलाम सहित समाज प्रमुख और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों ने जाना वीबी जी राम जी में मजदूरों के अधिकार

**बीजापुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने वीबी जी राम जी योजनांतर्गत मजदूरों को 125 दिवस के रोजगार के प्रावधान एवं 7 दिवस में मजदूरी भुगतान की अनिवार्यतः की सराहना की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने बैठक में उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 अंतर्गत किए गए प्रावधानों को विस्तार से बताते हुए कहा कि पूर्व में 100 दिवस की रोजगार को वृद्धि कर नए प्रावधान में 125 दिवस रोजगार देने का प्रावधान किया गया है, साथ ही 7 दिवस में श्रमिकों के भुगतान को अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा वर्षा ऋतु में कृषकों के हितों में 2 माह कार्य बंद रखे जाने का प्रावधान भी किया गया है।

### जिले में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम लागू

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय से जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में शालेय एव महाविद्यालय वार्षिक परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होने से विद्यार्थियों के अध्ययन कार्य को व्यवधान रहित बनाने हेतु छग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 (2) व 10(2) के साथ पठित भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए जिला दण्डाधिकारी देवेश कुमार ध्रुव द्वारा संपूर्ण जिले में आदेश जारी होने के दिनांक से 15 मई तक की अवधि में अधिनियम की धारा 13 (1) में उल्लेखित अवसरों को छोड़कर धारा 2 क, ख, एवं ग के अंतर्गत परिभाषित कोलाहल एवं समस्त ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग पर पूर्ण समय दिन, रात के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

## निधन

### शिव रतन खत्री

**जगदलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड निवासी शिव रतन खत्री 44 वर्ष का हार्ट अटैक से आज आकस्मिक निधन हो गया।



अंतिम यात्रा 14 फरवरी को प्रातः 10 बजे गीदम रोड स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। महाशक्ति टायर शॉप के संचालक शिव रतन अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री, दो पुत्र एवं छोटे भाई सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे सफल व्यापारी सहित इंद्रावती, दलपत बचाओ अभियान के प्रमुख सदस्य के रूप में सक्रिय समाजसेवी भी थे। अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक सक्रियता और सेवा भावना के कारण हर वर्ग में लोकप्रिय थे। उनके असामयिक निधन से शहर में शोक व्याप्त है।

# बस्तर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

आम नागरिकों को किफायती दर पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज विकासखंड बस्तर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने फीता काटकर मेडिकल स्टोर का विधिवत शुभारंभ किया।



यह केंद्र जिला कलेक्टर आकाश छिकारा के कुशल निर्देशन एवं एसडीएम बस्तर गगन शर्मा के विशेष मार्गदर्शन में स्थापित किया गया है। स्टोर के प्रोपराइटर आदित्य सिंह राठौर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के मरीजों को दवाइयों के भारी-भरकम खर्च से मुक्ति मिलेगी।

उद्घाटन समारोह में जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सीएमएचओ कार्यालय से पीके धमधर, महेन्द्र पांडेय एवं सुदरु राम कश्यप, विकासखंड बस्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. नारायण सिंह नाग, खंड चिकित्सा अधिकारी, राजेन्द्र कुमार बघेल ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, जीली मंडावी बीईटीओ, अनीता कश्यप सुपरवाइजर, रश्मि बेलसरिया स्टोर प्रभारी, बलदेव बघेल अकाउंटेंट, रामेश्वरी ठाकुर नर्सिंग सिस्टर शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अन्य पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### 50 से 90 प्रतिशत तक की बचत

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. संजय बसाक सीएमएचओ ने बताया कि इस जन औषधि केंद्र के खुलने से स्थानीय निवासियों को बाजार मूल्य से 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध होंगी। शासन की इस योजना का सीधा लाभ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को मिलेगा, जिससे उन्हें बेहतर उपचार के लिए आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### क्षेत्र की जनता को सस्ते दर पर दवाएं होंगी उपलब्ध

**दरभा।** शुक्रवार को दरभा जनपद पंचायत में जेनेरिक दवाओं का केंद्र जन औषधि केंद्र का उदघाटन हुआ। जहां जनपद अध्यक्ष मानक दई कश्यप, उपाध्यक्ष पीडी हरीश एवं जनपद सदस्यगण और मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने से क्षेत्र की जनता को सस्ते दवाईया उपलब्ध होंगी। जो आम जनता के पहुंच मे होंगी। जिससे स्वास्थ्य लाभ में इजाफा होगा और गरीब तपके के लोगों को मेडिकल सुविधा लेने मे आसानी होंगी। केंद्र का संचालन संदीप नाग के हाथ में होगा। डॉक्टर नेताम ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




### कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश

# पोषण और स्वास्थ्य में बेहतर परिणाम के लिए संयुक्त रणनीति होगी कारगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बेहतर प्रगति हेतु स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के मैदानी कर्मचारियों का आपसी सामंजस्य होना जरूरी है।

दोनों ही विभाग का दायित्व है कि वे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में अपनी कार्यकर्ता एवं कर्मचारियों को योजनाओं को अमलीजामा पहनाने हेतु प्रोत्साहित करें। मैदानी स्तर पर

- गंभीर रोगियों के त्वरित रेफरल के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित करने पर जोर

किए गए प्रयास से ही स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में जिले के रैंकिंग में सुधार आएगा। साथ ही विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति संभव हो पाएगी। इसके लिए इन कर्मचारियों की संयुक्त बैठकें, प्रशिक्षण सत्र एवं निरीक्षण एवं निगरानी कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। आज कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की बैठक लेते हुए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा उक्ताशय के विचार निर्धारित किए गए। इसके साथ ही उक्त





बैठक में कलेक्टर के द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में अधिकारी कर्मचारी की नियमित उपस्थिति हेतु आधार बेस अटेंडेंस अनिवार्य रूप से कराए जाने हेतु कहा गया। उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य के अंतर्गत उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं के निर्धारण के लिए मैदानी स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाने, उक्त गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से सोनोग्राफी के साथ-साथ बेहतर रूप से देखभाल करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी के बेहतर रूप से क्रियान्वयन हेतु समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास को संयुक्त रूप से निरीक्षण करें। इसके साथ ही उनके द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की देखभाल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में छूटे हुए बच्चों के लिए फिर से परीक्षण किए जाने हेतु भी कहा गया। मलेरिया उन्मूलन अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने चार से अधिक एपीआई वार्षिक परजीवी सूचकांक वाले गांव में फिर से जांच कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में जानकारी दी गई कि पोषण पुनर्वास केन्द्र के संबंध में बताया गया बेड ऑक्यूपेंसी रेट दंतेवाड़ा में 137.85, गीदम में 80.04, कुआकोंडा में 80.47, तथा कटेकल्याण में 82.62 है। जिनका उपचार दर क्रमशः 88 प्रतिशत, 77 प्रतिशत, 90 प्रतिशत, 87 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत अप्रैल से दिसंबर 2025 में 101250 लक्ष्य के विरूद्ध 99642 बालिकाओं को आयरन की नीली गोली प्रदान किए गए, जिसका प्रतिशत 98.41 रहा।

इसके साथ ही बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम, आयुष्मान, एवं वय वंदन कार्ड पंजीयन, एएनसी माताओं की जांच एवं टीकाकरण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अंत में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता बनाये रखने तथा गंभीर रोगियों के त्वरित रेफरल हेतु मजबूत व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय रामटेके सिविल सर्जन अभय तोमर, डीपीएम प्रतीक सोनी, मीडिया समन्वयक अंकित, जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश सहित दोनों विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# उपार्जन केंद्र बालुद में खराब धान

### मिलिंग प्रक्रिया के दौरान बोरों से निकल रहा धूल, पत्थर



हरिभुमि न्युज ⏭ कटेकल्याण

दंतेवाड़ा जिले में धान उपार्जन केंद्र बालुद में है। जहां धान में धूल, पत्थर व डिस्कलर चावल मिलिंग के दौरान निकल रहा है। मिलर के कई बार शिकायत के बाद भी

- जिला विपणन अधिकारी को दो मिलर ने दिया जांच के लिए पत्र

जिला विपणन अधिकारी जांच के लिए कतरा रहे हैं या उन्हें धान के खराब होने की पुरी जानकारी है। दंतेवाड़ा में धान खरीदी के बारे में कई बार जिला प्रशासन ने साफ सुथरी धान खरीदी का प्रचार किया। लेकिन बालुद के धान खरीदी केंद्र में शुरू से ही कचरा युक्त खराब धान खरीदा गया, जिसका ठिकरा मिलरों पर फूट रहा है। जिन्होंने जिला विपणन अधिकारी को एक पत्र धान के खराब होने के संबंध में जांच के लिए लिखा है, विपणन अधिकारी का कहना है की कलेक्टर साहब जल्द कार्यवाही करेंगे। धान खरीदी के नियम है कि धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। मिट्टी, कंकड़ या भुसा नहीं होनी चाहिए, सरकार ने एफएक्यू मानक तय किए हैं जिनके अनुरूप ही धान खरीदना होता है।

#### आदेश मिलने पर जांच

हमने कलेक्टर को जांच के लिए पत्र दे दिया है। आगे की जांच कलेक्टर के आदेश पर ही होगा।

-खिलेश्वर सिंग शांडिल्य, जिला विपणन अधिकारी दंतेवाड़ा

# जनपद पंचायत दरभा में सामान्य सभा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

शुक्रवार को दरभा जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष पीडी हरीश एवं जनपद सदस्यों सहित सरपंच सचिव और विभागीय अधिकारी सम्मिलित हुए।

जनपद पंचायत दरभा की सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सभी विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के विभागीय गतिविधि के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। जिसमे प्रमुख रूप से पेयजल समस्या, बिजली, सड़क शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्रों मे चल रहें कार्यों के विषयो मे प्रश्न उठाया। जिसका समन्धित अधिकारीयों ने जवाब दिया। शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग



और पी एच ई विभाग पर अधिकतर प्रश्न पूछे गए। और रुके हुए कार्यों को प्राथमिकता से पुर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिसका अधिकारियों ने यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने का संकल्प दिखाया। अन्य विभागों ने जैसे मछली पालन, पशु पालन विभागों द्वारा अपने अपने योजनाओं की जानकारी दी। मछली पालन विभाग का मोटर साईकिल योजना पर उपस्थित सदस्यों ने कॉपी रूचि दिखाया। जिसमे समन्धित अधिकारी ने जानकारी दी की मछली व्यवसाई जो एक स्थान से दूसरे स्थान मछली बेचने जाते हैं उनके व्यवसाय कों बढ़ावा देने के लिए 90 प्रतिशत तक अनुदान से मोटर साईकिल देने का प्रावधान हैं।बैठक में चूंकि ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव भी उपस्थित थे इसलिए जैसे ही विभागीय अधिकारी किसी गांव में अपनी गतिविधियों की जानकारी दे रहे थे। समन्धित सरपंच सचिव वास्तव में कार्य होने या न होने की पुष्टि कर रहे थे, जिससे विभागीय जानकारी की सत्यता पर भी विचार हो रहा था। जिससे वास्तविक स्थिति का भी अवलोकन हो रहा था।

जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र के कार्यों का भी मांग बैठक मे रखा जिसमे जर्जर भवनो का मरम्मत नए भवनो की आवश्यकता बिजली सड़क आदि शामिल थे।

अलग अलग स्कूलों मे शिक्षकों की कमी भी बताइ गई स्वास्थ्य सेवाओं कों बेहतर करने कों कहा गया। अंत तह जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के सम्बोधन के साथ बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीरेंद्र बहादुर ने विधिवत बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में समस्त जनपद सदस्य, सरपंच सचिव एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भजन प्रतियोगिता में पेंटा की टीम अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

एकल अभियान हरिकथा जिला स्तरीय ग्रामीण भजन प्रतियोगिता का आयोजन गीदम ब्लॉक के घोटपाल में किया गया। इसमें कई ग्रामीण टीमों ने भाग लिया। स्वरधारा मानस मंडली पेंटा ने पहला स्थान, स्वरवेंद भजन मंडली घोटपाल दूसरा स्थान व प्रज्ञा मानस मंडली कुंडेनार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

आयोजन में श्रीराम नृत्य मंडली तोंगपाल व श्रीराम नृत्य मंडली बेंगलूर ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। स्पर्धा के निर्णायक लोक कलाकार सूरज भान सिंह ठाकुर, शिक्षक तिरपरेश चापड़ी व लछिन्धर यादव विहंगम योग संत समाज थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुदराम भास्कर व विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य दिनेश कौशल, पवन कुमार, दशमू राम जुर्री अंचल व्यास जिला दंतेवाड़ा, ललित दानी प्रदेश जागरण शिक्षा प्रभारी, दिनेश गुप्ता अध्यक्ष अंचल अभियान समिति , विनीता देशमुख सचिव अंचल अभियान समिति, नारायण लाल साहू अध्यक्ष संस्कार शिक्षा अभियान, लुपेन्द्र वैष्णव प्रभारी संस्कार शिक्षा, डॉ. राजकुमार देशमुख, गोल्डी कौशल सद्स्य गण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि सुदराम भास्कर ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन की सराहना करते कहा कि इससे ग्रामीण मंडलियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का उपयुक्त मंच व अवसर मिला है। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। आयोजकों ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी को रायपुर में होगा, जिसमें सभी प्रतिभागी भाग लेंगे।

# त्वरित और सरल न्याय का माध्यम नेशनल लोक अदालत




हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर आज जिला न्यायालय परिसर, दंतेवाड़ा स्थित न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष, प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य द्वारा किया गया। बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, दंतेवाड़ा न्यायालय के समस्त पीठासीन न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा, अधिवक्तागण, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, पैनल अधिवक्तागण तथा विद्युत विभाग, नगर पालिका दंतेवाड़ा, गीदम एवं बारसूर, दूरसंचार विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, कैनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा जिला अंत्यावसायी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों एवं बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखकर पक्षकारों को त्वरित एवं सरल न्याय का लाभ दिलाना था। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने उपस्थित न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लंबित एवं उपयुक्त प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में सूचीबद्ध करें ताकि उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत नागरिकों को समय, धन एवं श्रम की बचत करते हुए न्याय प्रदान करने का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं बैंकों से समन्वय बनाकर कार्य करने तथा नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

# बटालियन ने साड़ी, गमछा व बच्चों को दिए खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सी 195 वीं वाहिनी केरीणपुरमल ने अतिसंवेदनशील क्षेत्र एटेपाल में नागरिक सहायता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर कमांडेंट 195 बटालियन अनिल कुमार सिंह एवं द्वितीय कमान अधिकारी शुभम मौजूद रहे। इनके दिशा निर्देश पर सोमबीर सहायक कमांडेंट समवाय अधिकारी की उपस्थिति में जीडी पंकज सिंह संगठन एवं जीडी हरि प्रसाद तथा एसएचओ मिर्जापुर साकेत कुमार बजाज व अन्य कार्मिकों की उपस्थिति में सफलता पूर्वक संपन्न किया गया।



कार्यक्रम में ग्राम एटेपाल के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में एटेपाल के गायातापारा, मडकमपारा, पटेलपारा, नयापारा, स्कुलपारा तथा बीजनपारा ग्राम इंद्रावन, पटेलपारा, कुंजामपारा, एटेपाल, पुटेवाड, आदि के लगभग 450 ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस दौरान सोमबीर सहायक कमांडेंट ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, बच्चों की शिक्षा, रोजगार व स्वच्छता के बारे में जागरूक किया तथा सरकार के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करने हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम में ग्रामीण इलाकों के लोगों की आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए साड़ी, गमछा, स्कूल के बच्चों की खेल सामग्री, पानी की टंकी 200 लीटर, पानी की टंकी 35–40 लीटर, क्रिकेट किट, बैडमिंटन, सोलर लाइट, छाता, हैंड सैनिटाइजर, वेटिंग रॉड, जाल, वेटिंग नेट, सोलर लैंटर्न, सोलर स्ट्रीट लाइट, चप्पल, एलईडी बल्ब, ट्यूब लाइट आदि सामानों का वितरण किया गया। साथ में नसबंदी का कार्य करने वालों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के बारे में बताते हुए प्रेरित करने हेतु सम्मानित किया गया। इसके साथ मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत मलेरिया की जांच किया गया, सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य जरूरी दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लगभग 450 स्थानीय लोगों को बुलाकर भोजन खिलाया गया। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में सोमबीर सहायक कमांडेंट व अनिल कुमार सिंह, कमांडेंट 195 बटालियन केरीणपुरमल की तरफ से सभी को आभार व्यक्त किया गया।

### बस्तर के सातों जिलों में जांच पर मिले मलेरिया के 25580 मरीज

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सातों जिलों में व्यापक जांच अभियान के दौरान मलेरिया के 25 हजार 580 मरीज पाए गए हैं। बस्तर अभियान के तहत त्वरित उपचार और जन-जागरूकता के माध्यम से संक्रमण दर में गिरावट के प्रयास किए जा रहे हैं। बस्तर जैसे संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में मलेरिया के मामलों में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है। संभाग के चार जिलों बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे दुर्गम एवं दूरस्थ इलाकों में घर-घर पहुंचकर सभी लोगों में मलेरिया की जांच की। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए लोगों को तत्काल दवाई खिलाकर मलेरिया का इलाज किया। इस दौरान लोगों को रोज मच्छरदानी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही घरों के आसपास जमे पानी और नालियों में डीडीटी या जले हुए तेल का छिड़काव करने की उपाय बताया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत



**कांकेर।** बारदेवरी-शांतिनगर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि कुरिष्टिकुर निवासी दीपेंद्र कुमार हिड़को पिता कुंवर सिंह हिड़को का मौत 20 दिसंबर को अपने गांव लौटते समय शाम करीबन साढ़े 5 बजे बारदेवरी-शांतिनगर के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीटी 3181 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में मृतक दीपेंद्र कुमार ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसे गंभीर चोटें ने उसकी मौत हुई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी सीजी 19 बीटी 3181 का चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### राम के आदर्श को जीवन में उतारने का करें प्रयास

**कांकेर।** रिसेवाड़ा में आयोजित त्रिदिवसीय मानस गान महोत्सव के अवसर पर जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम राम हम सब के आदर्श है उनके जीवन चरित्र को हम सबको अपनाना चाहिए। उन्हें एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई एवं आदर्श राजा के रूप में जाना जाता है जिन्होंने रघुकुल के रीति को अपनाते हुए अपने वचन का पालन किया। इस तरह के धार्मिक आयोजन से गांव में शांति का वातावरण निर्मित होता है हम सबको प्रयास करना चाहिए कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से हम अपने भीतर के बुराइयों को दूर करने का प्रयास करे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारी व ग्रामीण शामिल रहे।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत उसेली में नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा कई एंगलो में जांच कि जा रही है। उसेली निवासी 35 वर्षीय सत्तो बाई सलाम ने पुलिस को बताया कि मृतिका उसेली निवासी 12 वर्षीय दिव्या सलाम पिता श्रवण ने 12 फरवरी को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सुमित्रा बनीं भाजपा महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्ष

**दुर्गूकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल के अंतर्गत महिला मोर्चा की नई मंडल अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा दुग्गा को नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिला मोर्चा पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओ ने कहा कि सुमित्रा दुग्गा की नियुक्ति से महिला मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन को मजबूती प्राप्त होगी। नव नियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगी तथा महिलाओं को संगठन से जोड़कर भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगी।

हादसा : कलेक्टर व सीईओ ने रुककर घटना की ली जानकारी, दिए निर्देश

# शराब दुकान के पास ट्रक की टक्कर से युवक की मौत से क्षेत्र में फैला आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



दुर्गूकोंदल-कोदापाखा मुख्य मार्ग पर अंग्रेजी शराब दुकान के समीप हुए सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक को संभलने तक का अवसर नहीं मिला। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते सैकड़ों लोग मौके पर एकत्र हो गए। मृतक की पहचान 22 वर्षीय परदेसी राम गावड़े निवासी ग्राम सूरेवाही, अंतागढ़ के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार परदेसीराम दुर्गूकोंदल से अपने गृहग्राम की ओर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान सड़क निर्माण कार्य में लगी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडसी 9761 के लापरवाही चालक ने सामने जा रही बाइक क्रमांक सीजी 07 पीटी 1756 को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के कारण युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर चोटों के चलते उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद शराब दुकान के आसपास मौजूद भीड़ और अव्यवस्थित यातायात को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकान के पास दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी इस स्थान पर कई



छोटी-बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

#### कलेक्टर व सीईओ रुके, घटना की ली जानकारी

संयोगवश उसी समय ग्राम मेड़ो में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने जा रहे निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं हरेश मंडावी इसी मार्ग से गुजर रहे थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए दोनों वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर रुके और स्थिति का जायजा लिया। उनकी मौजूदगी में पुलिस व प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय दिखाई दिया। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और घटना के कारणों की जानकारी ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि शराब दुकान के पास यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने, भीड़ नियंत्रण, स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड लगाने तथा पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने जैसे ठोस कदम शीघ्र उठाए जाएंगे।

#### मामले की विस्तृत जांच जारी

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा ट्रक चालक से पूछताछ कर मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# होली से पहले किसानों के आंगन में बरसेगा खुशियों का गुलाल : आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

किसानों के पक्ष में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय का भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने स्वागत किया है। उन्होंने राज्य के लाखों किसानों को होली पर्व से पहले धान की अंतर राशि 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से का एकमुश्त भुगतान करने के फैसले को ऐतिहासिक और किसान हितैषी बताया है।



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कैबिनेट के निर्णय अनुसार राज्य के 25 लाख 24 हजार 339 किसानों को होली के पावन पर्व से पहले अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में रिकॉर्ड 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होने कहा कि सरकार केवल धान नहीं खरीद रही, बल्कि किसानों के पसीने की एक-एक बूंद की कीमत चुकाकर उनके पुरुषार्थ का सम्मान कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रदेश का अन्नदाता ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। होली से पहले एकमुश्त भुगतान का निर्णय किसानों के जीवन में न केवल आर्थिक संबल लाएगा, बल्कि उनके उत्सव के उल्लास को दोगुना कर देगा। मुख्यमंत्री का यह कथन कि किसानों की मुस्कान ही सरकार की सबसे बड़ी पूंजी है, भाजपा की सेवा भावना को दर्शाता है। पिछली सरकारों के विपरीत, साय सरकार ने किसानों को किस्तों के इंतजार से मुक्ति दिलाकर 3100 रुपये प्रति क्विंटल का वादा निभाकर अपनी विश्वसनीयता पर मुहर लगाई है। भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री और पूरी कैबिनेट का आभार व्यक्त करता है। यह कदम छत्तीसगढ़ को कृषि प्रधान से कृषि समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# नागरिक कल्याण कार्यक्रम में ग्रामीणों को दिया गया घरेलू जरूरत का सामान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ अंतर्गत भैयासालहेभाट में वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम के कुशल नेतृत्व में भैयासालहेभाट, पदारगाँव और रावघाट क्षेत्र के लिए नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष रूप से 30 दिवसीय इलेक्ट्रिशियन एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ग्रामीण युवक-युवतियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जिससे वे स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें तथा अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट द्वारा सभी आगंतुकों के आत्मीय स्वागत से हुआ। तत्पश्चात अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा- सशस्त्र सीमा बल केवल देश की रक्षा करने वाला बल नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचल का हर नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बने और सम्मानजनक जीवन जिए। आज का यह नागरिक कल्याण कार्यक्रम उसी संकल्प का प्रत्यक्ष उदाहरण है। हम चाहते हैं कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में आगे बढ़ें, महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और युवा सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें। सशस्त्र सीमा बल जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। हम आपके सुख-दुख के सहभागी हैं। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बल और जनता के बीच विश्वास, सहयोग और भाईचारे का मजबूत सेतु है। हमारा प्रयास है कि आने वाले समय में भी शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में लगातार ऐसी पहले की जाती रहें। हम आपकी सेवा को अपना सौभाग्य मानते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि सशस्त्र सीमा बल सदैव आपके साथ खड़ा रहेगा। इसके उपरांत महिलाओं द्वारा कुर्सी दौड़ तथा ग्रामवासियों द्वारा रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नागरिक कल्याण कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों एवं खिलाड़ियों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रत्येक ग्राम की टीमों को वॉलीबॉल एवं क्रिकेट खेल सामग्री वितरित की गई और साथ ही समाज हित में वाटर कूलर, सोलर लाइट तथा विद्यालयों के लिए स्कूल बैग, व्हाइट बोर्ड, वाटर कैम्पर, कार्पेट, कॉपी, पेन एवं पेंसिल सहित विभिन्न शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

# दुर्गूकोंदल कॉलेज को स्मार्ट लाइब्रेरी-आधुनिक कंप्यूटर लैब की सौगात एवं 30 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के एकमात्र शासकीय कंगलु कुम्हार महाविद्यालय दुर्गुकोंदल में 13 वीं वर्षगांठ के अवसर पर वार्षिक उत्सव सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं कँगलु कुम्हार के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढ़ाई ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर महाविद्यालय की 13 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी सहित सभी अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्मार्ट लाइब्रेरी एवं आधुनिक कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। नई सुविधाओं के शुभारंभ से विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उन विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया, जिन्होंने खेल, एनएसएस, राज्य स्तरीय परीक्षा एवं अन्य विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को और अधिक आकर्षक बना दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालयीन समय बहुत ही अनुशासित जीवन होता है, जो उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास कराता है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास का माध्यम है। महाविद्यालय द्वारा संचालित सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियां विद्यार्थियों को सही दिशा दे रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरे उतरें और जीवन में ऐसा कोई कार्य न करें जिससे परिवार या महाविद्यालय की प्रतिष्ठा पर आंच आए। अभी तो हमने चलने का इरादा किया है, न हारा है न हारेंगे। यह किसी और से नहीं, बल्कि खुद से वादा किया है। मेहनत और लगन को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि गुरुजनों की डांट-फटकार को बुरा नहीं मानना चाहिए क्योंकि वह विद्यार्थियों के भविष्य के लिए होती है। विधायक ने विधायक निधि से महाविद्यालय को कुल 30 लाख रुपएं की सौगात देने की घोषणा की। नवनिर्मित ग्रंथालय के लिए 12 लाख, आधुनिक कंप्यूटर लैब निर्माण के लिए 10 लाख, क्रीड़ा सामग्री के लिए 3 लाख, प्रयोगशाला सामग्री के लिए 5 लाख, इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिवार की मांग पर महाविद्यालय प्रांगण में कँगलु कुम्हार की मूर्ति स्थापना के लिए 5 लाख तथा एनएसएस विद्यार्थियों के लिए 1 लाख रुपएं देने की भी घोषणा की गई। जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि वार्षिक उत्सव शिक्षण संस्थानों का ऐसा आयोजन है, जो विद्यार्थियों की प्रतिभा और उपलब्धियों को मंच प्रदान करता है। उन्होंने इसे संस्था के भीतर एकता, गौरव और प्रेरणा बढ़ाने वाला बताया। जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यालय एवं महाविद्यालय की जीवंतता और गतिशील शिक्षण वातावरण का प्रमाण हैं। कार्यक्रम में आदिवासी समाज से राजेश गोटा, मुकेश गावड़े, टिकेश्वर नरेटी, दीपक कल्लो, रवि कडियाम मनेश सलाम, विष्णु कोवाची, संदीप कोरोटी सहित बड़ी संख्या में पूर्व, भूतपूर्व एवं वर्तमान छात्र-छात्राएं, पालकगण तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

# पेंशनधारी कल्याण संघ के नाग बने जिला अध्यक्ष



**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की कांकेर जिला इकाई का चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया गया। अध्यक्ष पद के लिए देवराम नाग और करणसिंह ठाकुर के बीच मुकाबला हुआ। कुल 57 मतदाताओं में से 47 ने मतदान किया, जिससे 82 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। मतगणना में देवराम नाग को 33 तथा करणसिंह ठाकुर को 14 मत मिले। इस प्रकार देवराम नाग 19 मतों से विजयी घोषित हुए। सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन पीठासीन अधिकारी केएल उइके ने किया। विजयी पदाधिकारियों ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

### सिलाई व विद्युत कार्यों का दिया गया प्रशिक्षण



**भानुप्रतापपुर।** 33 वीं वाहिनी द्वारा सीओबी रावघाट पुलिस स्टेशन परिसर में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित एक माह का सिलाई एवं विद्युत प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए तकनीकी दक्षता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना था। प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों ने इसे रोजगार की दिशा में उपयोगी पहल बताया। समापन अवसर पर मानव चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां वितरित की गईं तथा पशुधन का उपचार किया गया। मुख्य अतिथि कमांडेंट ने प्रतिभागियों को अर्जित कौशल का सदुपयोग कर क्षेत्र के विकास में योगदान देने की प्रेरणा दी। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन की अपेक्षा जताई।

### आयोग के अध्यक्ष 19 से जिले के प्रवास पर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी 19 फरवरी को भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में खनन क्षेत्र का अवलोकन करेंगे और साथ ही पेवारी में सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन तथा निरीक्षण कर जनजातीयमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। 20 फरवरी को सुबह 11.30 बजे नियद नेल्लानार योजनांतर्गत निर्माण कार्यों का निरीक्षण तथा लाइवलीहुड कॉलेज में पुनर्वास प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन करेंगे। इसी दिवस दोपहर 2.30 बजे जिला स्तरीय बैठक लेकर अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के संदर्भ में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे, तदुपरांत वे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
90983 24969
91318 93124
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
मनाली टूर
03 दिन
Ex-दिल्ली
6, 13, 20, 27 फरवरी 2026
6, 13, 20, 27 मार्च 2026
होटल, टेंपू ट्रैवलर ,खाना, गाईड
राशि:- मात्र 6000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज